**Dainik Bhaskar (Indore), 3rd December 2019, Page-16**

# सरकारी स्कूल के साढ़े पांच सौ बच्चों ने विजिट किया आईआईटी कैम्पस



सिटी रिपोर्टर . इंदौर

स्कूली बच्चों के मन में साइंस और मैथ्स के प्रति रुचि पैदा करने के लिए उन्नत भारत अभियान के तहत आईआईटी इंदौर की विजिट करवाई गई। हायर सेकंडरी और अपर प्राइमरी स्कूलों के करीब 570 स्टूडेंट्स 15 टीचर्स के साथ आईआईटी पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न केमेस्ट्री, फिजिक्स बायो साइंस, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल लेबोरेट्रीज़ में होने वाली गतिविधियों को समझा। सेंट्रल वर्कशॉप में बच्चों को लेथ मशीन, वेल्डिंग मशीन, ड्रिलिंग और मिलिंग मशीन्स की वर्किंग समझाई गई। अंत में स्टूडेंट्स ने डिपार्टमेंट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, एस्ट्रोनॉमी और स्पेस इंजीनियरिंग में वर्किंग टेलीस्कोप का अनुभव भी लिया। रिसर्च स्कॉलर्स और प्रोफेसर्स ने उन्हें वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से एस्ट्रोनॉमी का इतिहास, तारों की जानकारी सहित मंगलयान, चंद्रयान के बारे में रोचक जानकारी दी। वर्किंग सैटेलाइट और स्पेस एक्सप्लोरेशन में भारत की अग्रणी स्थिति के बारे में भी उन्हें प्रोफेसर्स ने अवगत करवाया। आईआईटी इंदौर की उन्नत भारत अभियान सेल में कई विभागों के फैकल्टी और स्टाफ मेम्बर्स शामिल हैं।